JOHN MUIR HEALTH

# आपको "गुड फेथ एस्टिमेट" प्राप्त करने का अधिकार है जिसमें स्पष्ट किया जाएगा कि आपकी चिकित्सा परिचर्या पर कितनी लागत आएगी

*1/1/2022 से प्रभावी*

विधि के अंतर्गत, स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाताओं को **उन मरीजों, जिनका बीमा नहीं है अथवा जो बीमे का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं**, को चिकित्सा मदों और सेवाओं के लिए बिल का अनुमान देना आवश्यक है।

- किन्हीं गैर–आपातकालीन मदों अथवा सेवाओं की कुल अनुमानित लागत के संबंध में एक गुड फेथ एस्टिमेट प्राप्त करना आपका अधिकार है। इसमें संबंधित लागतों जैसे चिकित्सा जांच, नुस्खे पर दी गई औषधियां, उपकरण, और अस्पताल का शुल्क शामिल हैं।

- सुनिश्चित करें कि आपके स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपकी चिकित्सा सेवा अथवा मद से कम से कम 1 व्यवसाय दिन पहले आपको लिखित में गुड फेथ एस्टिमेट दें। आप किसी मद अथवा सेवा का समय नियत करने से पहले अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता और किसी अन्य प्रदाता जिन्हें आपने चुना हो, से गुड फेथ एस्टिमेट देने के लिए कह सकते हैं।

- यदि आपको प्राप्त हुआ बिल आपके गुड फेथ एस्टिमेट से कम से कम 400 डॉलर अधिक है, तो आप बिल के संबंध में प्रतिवाद कर सकते हैं।

- अपने गुड फेथ एस्टिमेट की एक प्रति अथवा चित्र रखना सुनिश्चित करें।

गुड फेथ एस्टिमेट प्राप्त करने के अधिकार के विषय में कुछ पूछने अथवा अधिक जानकारी के लिए www.cms.gov/nosurprises पर देखें अथवा 1-800-985-3059 पर कॉल करें।